भोपाल, गुरुवार
26
मार्च-2026

दैनिक
# पीपुल्स प्रवक्ता
भोपाल, ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित

/Peoplespravakta

E-paper www.peoplespravakta.com | वर्षः 09 | अंक : 339 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 02 रूपए | E-mail Peoplespravakta@gmail.com

**सुविचार**

उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाये।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के अंतर्गत किया विद्युत क्रय अनुबंध पत्रों का वितरण







# मध्यप्रदेश ग्रीन पॉवर स्टेट बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है कदम : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जन्मदिवस पर किसानों को दिया सस्ती बिजली का उपहार

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के अंतर्गत किसानों के हित में किए जा रहे अनुबंध राज्य के लिए अमूल्य उपहार हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना में 4 हजार मेगावॉट की विशाल क्षमता वाली इकाईयां स्थापित की जाएंगी। जिसका सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा। इससे लगभग 8 लाख पम्प सीधे सूर्य की शक्ति अर्थात् सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। आज से सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के अनुबंधों के वितरण की प्रक्रिया आरंभ हो रही है। आज का दिन प्रदेश की कृषि और ऊर्जा नीति के समन्वय का ऐतिहासिक पड़ाव सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2026 को प्रदेश में कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। किसान भाईयों को सुखी-समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के इस महासंकल्प में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना का मुख्यमंत्री डॉ. यादव, उनके जन्म दिवस 25 मार्च को मुख्यमंत्री निवास आयोजित में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के अंतर्गत विद्युत क्रय अनुबंध वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव तथा श्री नीरज मंडलोई उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योजना के अंतर्गत रतलाम की सुश्री संस्कृतिआर्या, खरगोन के श्री बृजमोहन शर्मा, उज्जैन के श्री नागेन्द्र सिंह चौहान, मंदसौर के श्री निशांत सोनी, राजगढ़ की सुश्री सीमा सहित अन्य जिलों के किसानों को अनुबंध पत्र प्रदान किए। मध्यप्रदेश वर्तमान में केवल पॉवर स्टेट ही नहीं, बल्कि ग्रीन पॉवर स्टेट बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। वैश्विक परिस्थितियां इस बात का प्रमाण हैं कि ऊर्जा और ईंधन के लिए देश का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। सौर ऊर्जा के लिए किए जा रहे कार्य प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह कदम किसानों के प्रति उनकी संवेदनशीलता के भाव को दर्शाता है।

### मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विकासनिगम की उपलब्धियों को सराहा

■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में सूर्य का आध्यात्मिक महत्व सदा से रहा है। वर्तमान काल सूर्य देव ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत बनकर, सभी का कल्याण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऊर्जा विकास निगम की उपलब्धियों के लिए निगम की सराहना की। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने जन्मदिवस पर मध्यप्रदेश को पीएम मित्र पार्क का उपहार दिया था। आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने जन्मदिवस पर प्रदेश के किसानों को सस्ती बिजली का उपहार दे रहे हैं।

### आने वाले समय में लगभग 8 लाख विद्युत पंपों को सौर ऊर्जा से जोड़ना संभव होगा

■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौरव का विषय है कि मध्यप्रदेश ने अब तक 12 हजार मेगावॉट से अधिक नवकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित कर ली है। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के तहत 4 हजार 22 मेगावॉट की सोलर परियोजनाएं आवंटित की गई हैं। इससे मात्र 2 रूपए 40 पैसे से 2 रूपए 85 पैसे प्रति यूनिट की किफायती दर पर बिजली उपलब्ध होगी।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा प्रदेश

■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। नवीन एवं नवकरणीय मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार चरैवेति-चरैवेति के सिद्धांत का पालन करते हुए प्रदेश के समग्र विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। सभी क्षेत्रों में मध्यप्रदेश प्रगति कर रहा है। मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने अपने घरों पर विद्युत उत्पादन के लिए रूफ टॉप लगवाने का प्रदेशवासियों से आहवान किया। कार्यक्रम को अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव ने बताया कि मुरैना में विकसित हो रही प्रदेश की पहली सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना में 2 रूपए 70 पैसे प्रति यूनिट अब तक की सबसे कम टैरिफ पर प्राप्त हुई है। ऊर्जा विकासनिगम 44 वर्ष बाद लाभ की स्थिति में आया है। जिसमें किसानों की महत्वपूर्ण



## शुक्रवार को राज्यसभा में पेश होगा वित्त विधेयक

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सप्ताहांत में संसद की बैठक अब नहीं होगी और राम नवमी व महावीर जयंती पर भी सत्र नहीं चलेगा। शुक्रवार को सरकार के एजेंडे को प्राथमिकता मिलेगी। वित्त विधेयक 2026 को उसी दिन राज्यसभा में पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को राज्यसभा में जानकारी दी कि इस साप्ताहांत पर संसद के दोनों सदनों की बैठक। त्योहारों के कारण पिछले गुरुवार और शुक्रवार को संसद की बैठक नहीं बुलाई गई थी और तब तय किया गया था कि दोनों सदन 28 और 29 मार्च यानी शनिवार और रविवार को बैठक करेंगे। हालांकि, रिजूज ने कहा, संबंधित सदनों की व्यापार सलाहकार समितियों के सदस्यों ने सुझाव दिया कि साप्ताहांत में संसद की बैठक नहीं बुलानी चाहिए। अब राम नवमी के कारण गुरुवार को संसद की बैठक नहीं होगी और 31 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर भी कार्यवाही नहीं होगी।



### राज्यसभा शुक्रवार को वित्त विधेयक पर विचार करेगी

उन्होंने बताया कि सत्र 2 अप्रैल तक जारी रहेगा, जैसा कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में सत्र शुरू होने से पहले घोषित मूल कैलेंडर में तय किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि शुक्रवार को कार्यवाही के दूसरे हिस्से में सदस्य अपने निजी मुद्दों को पेश नहीं करेंगे और सरकार के एजेंडे को ही प्राथमिकता दी जाएगी। रिजिजू ने कहा, संसद शुक्रवार को वित्त विधेयक 2026 को मंजूरी देकर 2026-27 के बजट की प्रक्रिया पूरी कर सकती है। उन्होंने कहा,वित्त विधेयक को लोकसभा पहले ही मंजूरी दे चुका है। इसे शुक्रवार को उच्च सदन में विचार के लिए लाया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री राज्यसभा सदस्यों को अगले तीन से चार दिनों की कार्यसूची की जानकारी दे रहे थे। कांग्रेस सदस्य जयराम रमेश ने रिजिजू से आगामी तीन से चार दिनों के लिए सरकार के एजेंडे के बारे में सदन को बताने को कहा।

## अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 21 अत्याधुनिक हथियार और 200 कारतूस बरामद हुए है। दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर दिया है। इस कार्रवाई में कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



## हेल्दी और स्मार्ट दिल्ली का बजट, नवजात बच्चों को मिलेगा जेनेटिक जांच का अनमोल गिफ्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली सरकार की 'अनमोल' योजना के तहत नवजात बच्चों की एक बूंद खून से मुफ्त जेनेटिक जांच होगी, जिससे बीमारियों का समय पर पता चल सकेगा। दिल्ली के नवजात बच्चों को जेनेटिक जांच का अनमोल उपहार मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि नवजातों के लिए एडवांस्ड न्यूबॉर्न मॉनिटरिंग एंड ऑप्टिमल लाइफकेयर (ANMOL) योजना शुरू की जा रही है और इसके लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत सिर्फ एक बूंद खून से 56 से 68 प्रकार की जांच फ्री में कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एक नन्हा बच्चा जन्म लेता है तो हमारे लिए प्राणों से भी ज्यादा मूल्यवान बन जाता है। अनमोल बन जाता है। जैसे-जैसे उसकी उम्र बढ़ती है, कई बीमारियां बड़े होने पर पता चलती हैं, जो बाद में लाइलाज हो जाती हैं। इसलिए यह क्रांतिकारी योजना की शुरुआत की घोषणा कर रही हूं, जो फ्री होगी। प्राइवेट लैब्स में यह जांच बहुत महंगी है, लेकिन दिल्ली के हर नवजात बच्चे की दिल्ली सरकार फ्री में जांच कराएगी। दरअसल, पिछले साल मई में दिल्ली सरकार के एलएनजेपी अस्पताल में केंद्र की मदद से जेनेटिक्स विभाग की शुरुआत की गई थी। रेयर और जटिल जेनेटिक बीमारियों की सटीक जांच, इलाज और परामर्श के लिए यह बनवाया गया था। यहां पर एक जेनेटिक लैब की भी तैयार की गई थी।



## सर्वदलीय बैठक : सरकार को मिला विपक्ष का साथ रिजिजू बोले- तेल की कोई कमी नहीं, हालात स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पश्चिम एशिया संकट पर 1:45 घंटे चली सर्वदलीय बैठक में सरकार ने कहा कि हालात नियंत्रण में हैं और देश में तेल की कोई कमी नहीं है। चार जहाज भारत आ रहे हैं और कुछ जल्द होर्मुज से निकलेंगे। विपक्ष को पूरी जानकारी दी गई और सवालों के जवाब दिए गए। सरकार ने भरोसा दिलाया कि घबराने की जरूरत नहीं है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक में सभी दलों ने हिस्सा लिया और सरकार के साथ खड़े होने का भरोसा दिया।

### विपक्ष के दिग्गज जुटे, टीएमसी ने किया बॉयकॉट



■ पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक कर स्थिति पर गहन चर्चा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में करीब 1 घंटे 45 मिनट तक चली। इस बैठक में सरकार ने साफ संदेश दिया कि देश में हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। बैठक का मकसद विपक्ष को मौजूदा स्थिति से अवगत कराना और राष्ट्रीय स्तर पर एकजुटता दिखाना था। बैठक में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति से जुड़े मंत्री मौजूद रहे, जिनमें अमित शाह, एस जयशंकर और निर्मला सीतारमण शामिल हैं।

### सरकार ने किया स्पष्टीकरण

■ सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में ऊर्जा संसाधनों की कोई कमी नहीं है। तेल की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। सरकार ने बताया कि चार और जहाज भारत की ओर आ रहे हैं और कुछ अन्य जहाज जल्द ही होर्मुज क्षेत्र से निकलेंगे। इससे साफ है कि सप्लाई चेन को लेकर कोई बड़ा खतरा नहीं है।

### सरकार ने विपक्ष को क्या जानकारी दी

■ बैठक में सरकार ने विपक्ष को मौजूदा हालात की पूरी जानकारी दी और उनके सवालों का जवाब भी दिया। विपक्ष ने सुरक्षा, तेल आपूर्ति और विदेश नीति को लेकर सवाल उठाए, जिन पर सरकार ने भरोसा दिलाया कि सभी पहलुओं पर नजर रखी जा रही है। सरकार ने कहा कि हर कदम सोच-समझकर उठाया जा रहा है।



## भतीजे रोहित का दावा- जब अजित पवार जिंदा थे, तब उनके घर के बाहर हुआ था काला जादू

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन मामले में एनसीपी (एसपी) नेता रोहित पवार ने दावा किया कि जब अजित पवार जिंदा थे, तब उनके घर के बाहर काला जादू हुआ था। उन्होंने कहा कि विमान हादसा काले जादू की वजह से हुआ होगा, ऐसा नहीं मानता हूं। उन्होंने बताया कि इसके बाद हम बारामती और सीआईडी के पास गए। इन तीनों जगह जीरो एफआईआर दर्ज नहीं की गई। फिर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के साथ मुलाकात हुई। उन्हें सलाह दी गई थी कि वे अजित पवार के विमान दुर्घटना से संबंधित अपनी शिकायत को ऐसे राज्य में ले जाएं जहां उन्हें न्याय मिल सके। हालांकि, राहुल गांधी ने बातचीत के दौरान किसी राज्य का नाम नहीं लिया था। कर्नाटक के बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई। अब बारामती में इसी आधार पर जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह दुर्घटना काले जादू की वजह से हुई, क्योंकि मैं काले जादू में विश्वास नहीं करता, लेकिन जो बात मायने रखती है, वह है इसके पीछे की नीयत। लोग कहते हैं कि कुछ ऐसे अनुष्ठान किए जाते हैं जिनमें एक गुड़िया का इस्तेमाल होता है, उस पर खून डाला जाता है, और ऐसी हरकतें किसी खास व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने या उसे कमजोर करने के लिए की जाती हैं।